# प्रार्थना सभा (साप्ताहिक योगाभ्यास )
## दिनांक-06.08.2022

महाविद्यालय में प्रत्येक शनिवार को प्रार्थना सभा में योगाभ्यास कराया जाता है। जो पूरे वर्ष चलता है, जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी को योग कराया जाता है जिससे कि शिक्षा के साथ–साथ शारीरिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान किया जाता है। स्वस्थ्य शरीर में ही स्वस्थ्य मस्तिष्क का विकास होता हैये बातें महाराणा प्रताप महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल ने कही। उन्होंने कहा कि योग के माध्यम से मानसिक तनाव रक्त चाप मोटापा, मधुमेह जैसी गम्भीर बीमाररियों से निजात मिलती है। योग को दिनचर्या में शामिल करने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। शरीर स्वस्थ्य रहता है एवं नीरोग हो जाता है। योग से स्मरण शक्ति तेज होती है एवं मन एकाग्रचित होता है। योग से मनुष्य का जीवन दीर्घायु होता है नियमित योग करने से मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक विकास होता है।








## कार्यक्रम - मेजर ध्यानचन्द जन्म दिवस (राष्ट्रीय खेल दिवस)
## दिनांक-29.08.2022

मेजर ध्यानचन्द का जन्म दिवस राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के अवसर पर क्रीड़ा विभाग द्वारा ''विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल की उपयोगिता'' विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर




ध्यानचन्द के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को खेल के विभिन्न फायदे से अवगत कराना था।

व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री हरिकेश यादव सहायक आचार्य राजनीतिशास्त्र विभाग ने विद्यार्थियों को मेजर ध्यानचन्द की उपलब्धियों को बारीकी से बताया। साथ ही खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल–कूद से विद्यार्थियों में नेतृत्व, आज्ञापालन, समान लक्ष्य के लिए मिलकर काम करना, साहस, सहनशीलता आदि गुणों का विकास होता है।

इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य व क्रीड़ा प्रभारी श्री चन्दन कुमार ठाकुर ने किया तथा आभार ज्ञापन डॉ. आरती सिंह सहायक आचार्य हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।


दिनांक-
29-08-2022
आजादी के अमृत महोत्सव
के अन्तर्गत विद्यार्थियों के
सर्वांगीण विकास में खेल की
उपयोगिता
क्रीड़ा विभाग


दिनांक-
29-08-2022
आजादी के अमृत महोत्सव
के अन्तर्गत विद्यार्थियों के
सर्वांगीण विकास में खेल की
उपयोगिता
क्रीड़ा विभाग
महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर



# क्रीड़ा विभाग



महाविद्यालय में सत्र 2022–23 में खेल गतिविधि की शुरूआत वालीबाल बालक व बालिका टीम तथा कबड्डी बालक व बालिका टीम तैयार करने हेतु खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया से शुरू हुआ।

चयन प्रक्रिया का उद्देश्य था जो महाविद्यालय तथा महाविद्यालय के बाहर होने वाले प्रतिस्पर्धा में भाग ले रहे खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर हो सके।

बालीबाल टीम का चयन प्रक्रिया दिनांक 09 तथा 10 नवम्बर 2022 को हुआ। वालीबाल टीम के चयन हेतु 35 छात्र तथा 12 छात्रा ने सहभाग किया जिसमें 13 छात्र तथा 7 छात्रा का चुनाव हुआ।

वही कबड्डी टीम का चयन प्रक्रिया दिनांक 11 तथा 12 नवम्बर, 2022 को किया गया। कबड्डी टीम का चयन हेतु 36 छात्र तथा 27 छात्रा ने सहभाग किया जिसमें 15 छात्र तथा 12 छात्रा का चयन किया गया।

इस चयन प्रक्रिया में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ला, श्री हरिकेश यादव, डॉ. नीलम गुप्ता, श्री नन्दन शर्मा, सुश्री शारदा रानी, डॉ. अमित त्रिपाठी, डॉ. इक्ष्वाकु प्रताप सिंह का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।











# योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 15.11.2022 को महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़, गोरखपुर के क्रीड़ा विभाग द्वारा वार्षिक महोत्सव के अन्तर्गत योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी द्वारा लांग विशेल बजाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन मे छात्रों को खेल के प्रति अभिप्रेरित किए।

उद्घाटन के उपरान्त बालिका वर्ग में रानी पद्मिनी एवं रानी लक्ष्मीबाई टीम के बीच



मैच हुआ जिसमें रानी लक्ष्मीबाई की टीम विजयी हुई। इसी क्रम में बालक वर्ग में गोपालनाथ महाराज एवं महंत अवेद्यनाथ टीम के बीच मैच हुआ जिसमें गोपालनाथ महाराज की टीम विजेता बनी। पहले दिन के खेल में मनीषा, कविता, संजना, प्रिया, अन्नू, महिमा, सदानन्द, दीपक, अवधेश, सत्यम आदि खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा।

कबड्डी प्रतियोगिता बालक व बालिका वर्ग का निर्णायक प्रतियोगिता (फाइनल मैच) दिनांक 19 नवम्बर, 2022 को खेला गया। फाइनल मैच का शुभारम्भ राष्ट्रगान से हुआ, तत्पश्चात बी.एड्. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें अनुशासित होकर खेलने के प्रति अभिप्रेरित किया।

कबड्डी बालक वर्ग का फाइनल मैच गोपीनाथ एवं बाबा मत्स्येन्द्रनाथ टीम के बीच खेला गया जिसमें गोपीनाथ जी की टीम विजयी रही, वही बालिका वर्ग में फाइनल मैच अहिल्याबाई एवं रानी लक्ष्मीबाई टीम के बीच खेला गया जिसमें रानी लक्ष्मीबाई की टीम विजयी रही।

मैच के उपरान्त विजेता तथा उपविजेता टीम को ट्राफी तथा मेडल प्रदान किया गया। क्रीड़ा प्रभारी श्री चन्दन कुमार ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार ज्ञापित किया।





# योग प्रतियोगिता

## 18 नम्बर 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 18.11.2022 को वार्षिक महोत्सव में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने हलासन, पूर्ण धनुरासन, गोरक्षसान, शीर्षासन, वृक्षासन, मयूरासन, सिद्धासन आदि योगासनों में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनामिका आनन्द  बी.काम. प्रथम सेमे. द्वितीय स्थान खुशबू यादव, बी.एस–सी. प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान शिखा दूबे, बी.काम. प्रथम सेमेस्टर तथा विष्णु पटेल एवं राज शम्र्मा को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।





अमर उजाला गोरखपुर | शनिवार, 19 नवंबर 2022 8

## योग प्रतियोगिता में अनामिका को प्रथम स्थान

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में शुक्रवार को वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की अनामिका आनंद को प्रथम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की खुशबू यादव के दूसरा तथा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की शिखा दूबे को तीसरा स्थान मिला। विष्णु पटेल एव राज शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। योग प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. एसएन शुक्ल ने कहा कि योग हमारे शरीर को न केवल रोगों से बचाता है, बल्कि आंतरिक शांति भी प्रदान करता है। निर्णायक डॉ. आरती सिंह व हरिकेश यादव थे। ब्यूरो

हिन्दुस्तान www.livehindusta गोरखपुर शनिवार 19 नवंबर 2022 07

## योग में अनामिका आनंद प्रथम

गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में शुक्रवार को वार्षिक महोत्सव में योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की अनामिका आनंद प्रथम, बीएससी की खुशबू यादव द्वितीय तथा बीकॉम की शिखा दूबे तृतीय स्थान पर रहीं। विष्णु पटेल व राज शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक के रूप में डॉ. आरती सिंह, हरिकेश रहे।

## राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में महाविद्यालय के तीन छात्रों का चयन

संस्थापक सप्ताह समारोह 2022 में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता में शिक्षा परिषद की टीम का चयन दिनांक 18 नवम्बर,2022 को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज सिविल लाइन, गोरखपुर में हुआ जिसमें महाविद्यालय के तीन छात्र विपिन शर्मा, उदय राज राय तथा आलोक कुमार यादव का चयन किया गया।





# महन्त अवेद्यनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता

दिनांक 22 नवम्बर 2022



आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में वार्षिक महोत्सव के अवसर पर दिनांक 22 नवम्बर 2022 को सम्पन्न हुए महन्त अवेद्यनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता के बालक वर्ग के टीम रत्ननाथ एवं टीम धर्मनाथ के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें रत्ननाथ की टीम विजय रही, वही बालिका वर्ग में फाइनल मैच उषा मेहता तथा सरोजनी नायडू टीम के बीच खेला गया जिसमें सरोजनी नायडू की टीम विजय रही। इस प्रतियोगिता में विपिन, प्रह्लाद, उदय राज राय, आलोक करण, प्रियंका, ममता, सुमन विश्वकर्मा, सुधा तथा आदि खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा।

मैच के उपरांत विजेता तथा उपविजेता टीम को मेडल एवं ट्राफी प्रदान की गई। इस




अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी श्री चन्दन ठाकुर के अलावा श्री हरिकेश यादव, डॉ. भावना पाण्डेय, सुश्री रीतिका त्रिपाठी, डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल डॉ. नीलम गुप्ता के अलावा महाविद्यालय के अन्य शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

संस्थापक सप्ताह समारोह 2022 में आयोजित होने वाले खेल को ध्यान में रख कर क्रीड़ा प्रभारी चन्दन ठाकुर के दिशा–निर्देश में तैयारी करते हुए महाविद्यालय के कबड्डी तथा वालीबाल की टीम।






**संस्थापक सप्ताह समारोह 2022 में कबड्डी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम व प्रदर्शन**

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद गोरखपुर संस्थापक सप्ताह समारोह 2022 के अन्तर्गत दिनांक 05–06 दिसम्बर, 2022 को सम्पन्न हुए कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग में महाराणा प्रताप महाविद्यालय जंगल धूसड़ की टीम दूसरे रांउड में बाहर हो गयी इस तरह बालक वर्ग के टीम का प्रदर्शन संतोषजनक रहा, वही बालिका वर्ग में महाविद्यालय की टीम का प्रदर्शन बेहत्तर रहा और उपविजेता खिताब प्राप्त किया। वही 08 दिसम्बर 2022 को सम्पन्न हुए वालीबॉल प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में महाविद्यालय की छात्रा ने बेहतर प्रदर्शन कर उपविजेता का खिताब प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विपिन, आलोक, उदय राज राय, प्रियंका, ममता, सुधा, निकिता आदि खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा।





## अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता मे महाविद्यालय के छात्र को गोल्ड मेडल

शिकोदन कराटे वेस्ट बंगाल एशोसिएशन के तत्वावधान में सिलीगुड़ी में 31 दिसम्बर, 2022 को सम्पन्न हुए साउथ एशियन ओपन कराटे इंटरनेशनल चैम्पियनशिप में महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के बी.काम भाग–3 के छात्र शिवम सिंह चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य क्रीड़ा प्रभारी तथा शिक्षकों ने शिवम को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






ली कलश यात्रा...

...रीराम कथा के प्रथम दिन मंगलवार को शीतला माता मंदिर, बसंतपुर से भक्तिभाव से कलश ...ु शामिल हुए। कथाव्यास अजय महाराज ने कहा कि रामायण व राम नाम ये दोनों कलियुग में ...है। • जागरण

# अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हरिशंकर व शिवम को गोल्ड

जासं, गोरखपुर: शिदोकन कराटे वेस्ट बंगाल एसोसिएशन के तत्वावधान में सिलीगुड़ी में आयोजित साउथ एशिया ओपन कराटे इंटरनेशनल चैंपियनशिप में गोरखपुर के हरिशंकर शर्मा व शिवम सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि विशाल कुशवाहा ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

शिदोकन कराटे इंडिया के उत्तर प्रदेश प्रभारी तनवीर आलम ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश मालदीव, भूटान समेत कई देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारत के विभिन्न राज्यों से खिलाड़ी भी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश की टीम की तरफ से सेंसई हरिशंकर शर्मा ने ओपन वेट कैटेगरी तथा शिवम सिंह ने 61 से 70 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। विशाल कुशवाहा ने 51 से 60 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

पदक विजेता तीनों खिलाड़ियों को डा.राम रतन बनर्जी, डा.खालिद अब्बासी, एडवोकेट, अशोक कुमार गुप्ता, महबूब सैईद, प्रधानाचार्य, राज कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रीमा श्रीवास्तव ने बधाई दी है।

...लिए प्रस्थान कर जायेगा। जयन्ती मनायी जायेगी। युवा चिंतक ग्रामीण सेवा संस्था ...महिलाएं उपस्थित रहीं।

# करांटे चैम्पियनशिप में गोरखपुर के खिलाड़ियों का जलवा

गोरखपुर, ३ जनवरी। शिदोकन कराटे वेस्ट बंगाल एसोसिएशन द्वारा विंटर कराटे कैंप और पहली साउथ एशिया ओपन कराटे इंटरनेशनल चैंपियनशिप सिलीगुड़ी दार्जिलिंग में लिटिल एंजल स्कूल में २५ दिसम्बर से १ जनवरी २०२३ तक मिलन मोर, चंपासारी, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, वेस्ट बंगाल में फूल कान्टेक्ट कराटे और चैंपियनशिप आयोजित किया गया, इस शीतकालीन प्रशिक्षण शिविर और प्रथम दक्षिण एशिया ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश के कराटे टीमों ने भी भाग लिया जिसमें से सेंसेई हरि शंकर शर्मा ने ओपन वेट कैटेगरी में



फस्ट प्लेस ट्राफी और गोल्ड मेडल जीता साथ ही शिवम सिंह चौहान ने ६१ से ७० किलो के वेट कैटेगरी में गोल्ड मेडल तथा विशाल कुशवाहा ५१ से ६० किलो के वेट कैटेगरी में ब्रांन्ज मेडल जीतकर गोरखपुर का मान बढ़ाया। उक्त जानकारी उत्तर प्रदेश शिदोकान कराटे प्रभारी शिहान तनवीर आलम द्वारा दी गई है। सभी खिलाड़ियों को गोरखपुर के लोगों ने बधाई दिया जिसमें डा.राम रतन बनर्जी, डा.खलिद अब्बासी एडवोकेट अशोक कुमार गुप्ता, महबूब सईद, प्रधानाचार्य राजकुमार श्रीबास्तव प्रधानाचार्य रीमा श्रीवास्तव आदि ने बधाई दी।

## दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के तीन छात्रों का खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन

दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर के तीन छात्र चन्द्रेश, सोनू निषाद तथा अजय कुमार दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा चयनित होकर ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी खो–खो टूर्नामेंट त्रिपुरा, 2022–23 में प्रतिभाग किया।

03–06 जनवरी, 2023 तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर ने गत वर्ष की विजेता टीम उत्कल विश्वविद्यालय, उड़ीसा को हटा कर आल इंडिया यूनिवर्सिटी खो–खो प्रतियोगिता जो कि मेरठ में आयोजित की जाएगी के लिए क्वालीफाई कर लिया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के चयनित छात्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा।














ट्राफी व मेडल के साथ गोरखपुर विश्वविद्यालय की कांस्य पदक टीम ● जागरण

# गोरखपुर विश्वविद्यालय की खो–खो टीम ने जीता कांस्य

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की टीम ने त्रिपुरा विश्वविद्यालय में तीन से छह जनवरी तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी- खो–खो (पुरुष) प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत लिया है। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में शुक्रवार को गोरखपुर विश्वविद्यालय की टीम ने कल्याणी विश्वविद्यालय, बंगाल को चार अंकों से पराजित किया।

गोवि की टीम ने इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने के साथ ही मेरठ में फरवरी में प्रस्तावित आल इंडिया यूनिवर्सिटी खो–खो प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया था। गोरखपुर विश्वविद्यालय के अधिकारियों व शिक्षकों ने टीम मैनेजर डा. शक्ति सिंह, कोच अविनाश चौहान व खिलाड़ियों कप्तान मनीष गौंड, राम आसरे, नितेश, भास्कर, अंब्रेश, अभिषेक, सत्येंद्र, अजय, चंद्रेश, सोनू, सन्नी और अखिलेश को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

# योगाभ्यास
## दिनांक-11.02.2023

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में प्रार्थना सभा के अन्तर्गत महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के प्रभारी एवं मुख्य नियंता डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल द्वारा योगाभ्यास कराया गया। डॉ. शुक्ल द्वारा योग से निरोग की ओर पर ध्यान आकृष्ट कराया। योग भारत की अति प्राचीन पद्धतियों में से एक है। आज के आपा धाप्ती भरे जीवन में प्राणायाम एवं योगाभ्यास ही मनुष्य को सुखमय जीवन व्यतीत करने का तरीका बताता है। मनुष्य सुख सुविधा के चक्कर में अपना जीवन रोग ग्रस्त बना लिया है।

स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए उन्होंने प्राणायाम, ध्यान, कपालभांति, अनुलोम–विलोम, भ्रस्तिका, भ्रामरी आदि का योगाभ्यास कराया। प्राणायाम लीवर, स्पलीन, पैक्रीज तथा उदर के पेशियों को चुस्त बनाता है। प्राणायाम से शारीरिक तन्त्र को शीतलता प्राप्त होती है। यह उच्च रक्त चाप एवं निम्न रक्त चाप के रोगियों को फायदा पहुँचाता है। यह शरीर को पूर्ण रूपेण स्वस्थ्य बनाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।











## महन्त अवेद्यनाथ स्मृति शतरंज तथा महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता (15–16 फरवरी, 2023)



आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में दिनांक 15 फरवरी, 2023 को महन्त अवेद्यनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। इन प्रतियोगिता के बालक व बालिका वर्ग में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का निर्णायक मुकाबला दिनांक 16 फरवरी, 2023 को खेला गया। कैरम प्रतियोगिता बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला अभिषेक सिंह बी.काम. चतुर्थ सेमेस्टर व आनन्द सिंह बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के बीच हुआ। आनन्द सिंह विजेता तथा अभिषेक सिंह उपविजेता रहे। वही कैरम प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में फाइनल मुकाबला प्रिती विश्वकर्मा बी.एस–सी. द्वितीय सेमेस्टर तथा अंजली दूबे एम. काम. चतुर्थ सेमेस्टर के बीच खेला गया जिसमें प्रिती विश्वकर्मा विजयी रही तथा अंजली दूबे उपविजेता रही। साथ ही साथ चल रहे शतरंज प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला आशुतोष शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष तथा यश वर्मा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर के बीच खेला गया। जिसमें यश वर्मा विजेता तथा आशुतोष शर्मा उप–विजेता रहे।



सभी विजेता तथा उपविजेता खिलाड़ियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। क्रीड़ा प्रभारी श्री चन्दन ठाकुर के खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेल को सफलता पूर्ण सम्पन्न कराने में सहयोग देने वाले शिक्षक डॉ. हनुमान प्रसाद उपाध्याय, श्री भारत कुमार, श्री शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती साधा सिंह, डॉ. भावना पाण्डेय, सुश्री दिप्ती गुप्ता, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव आदि के प्रति आभार प्रकट किया।






# महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता
# (27–28 फरवरी, 2023)

दिनांक 27 फरवरी, 2023 को महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में महन्त दिग्विजयनाथ स्मृति प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। प्रतियोगिा में दिलचस्पी से महाविद्यालय के छात्र व छात्रा ने भाग लिया। प्रतियोगिता का निर्णायक मुकाबला दिनांक 28 फरवरी, 2023 को खेला गया। बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः संस्कृति त्रिपाठी बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर, रंजना गौतम बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर तथा मनीषा वर्मा एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर को प्राप्त हुआ वही बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः अनुभव सिंह बी.एस–सी. द्वितीय सेमेस्टर करन चौहान बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर तथा सुनील कुमार को प्राप्त हुआ। खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। अच्छे प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर हौसला बढ़ाया गया। क्रीड़ा प्रभारी, श्री चन्दन ठाकुर ने खिलाड़ियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा खेल में सहयोग देने वाले सहयोगी शिक्षकों के प्रति अपना आभार प्रकट किया।









हिन्दुस्तान

गोरखपुर, बुधवार, 1 मार्च 2023 07

## संस्कृति व अनुभव बने विजेता

गोरखपुर। महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज में दो दिवसीय महन्त दिग्विजय नाथ स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। बालिका वर्ग में बीए चतुर्थ सेमेस्टर की संस्कृति प्रथम, बीकॉम की रंजना द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर एमए की मनीषा वर्मा रहीं। बालक वर्ग में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के अनुभवप्रथम, बीए के करन द्वितीय व सुनील तृतीय रहे।

# चक्का-क्षेपण प्रतियोगिता
## दिनांक-01.03.2023



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 01 मार्च, 2023 को चक्का क्षेपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ कार्मस विभाग के प्रभारी श्री नंदन शर्मा द्वारा परिचय प्राप्त करते हुए किया। उन्होंने कहा कि खेल–कूद विद्यार्थी जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। सभी विद्यार्थियों को खेल में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके। चक्का–क्षेपण बालक वर्ग में प्रथम स्थान उदयमान द्वितीय स्थान आशीष तृतीय स्थान सूरज ने प्राप्त किया। चक्का–क्षेपण बालिका वर्ग प्रतियोगिता भूगोल विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती नीलम गुप्ता ने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुए किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान मनीषा द्वितीय स्थान कविता तथा तृतीय स्थान ज्योति प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में श्री इक्ष्वाकू प्रताप सिंह, श्री हरिकेश यादव, श्री रमाकांत दुबे जी ने महती भूमिका का निर्वहन किया। अन्त में क्रीड़ा विभाग के प्रभारी द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## गोला-क्षेपण प्रतियोगिता
## दिनांक-01.03.2023



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में दिनांक 01 मार्च 2023 को गोला क्षेपण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ राजनीतिशास्त्र विभाग के प्रभारी श्री हरिकेश भारत द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। गोला–क्षेपण बालक वर्ग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उदयराज राय, द्वितीय स्थान विपिन शर्मा एवं तृतीय स्थान आलोक यादव को प्राप्त हुआ। गोला क्षेपण बालिका वर्ग प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग की प्रभारी सुश्री शिवानी सिंह ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनीषा, द्वितीय स्थान महिमा व तृतीय स्थान ज्योति को प्राप्त हुआ। निर्णायक के रूप में प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी इक्ष्वाकु प्रताप सिंह, डॉ. सलील पाण्डेय, सुश्री रीतिका त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के अन्त में क्रीड़ा विभाग को प्रभारी श्री चन्दन ठाकुर ने प्रतिभागियों को बधाई देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## भाला-क्षेपण प्रतियोगिता
## दिनांक-01.03.2023




महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में दिनांक 01 मार्च 2023 को वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के अन्तर्गत भाला क्षेपण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल द्वारा किया गया। भाला क्षेपण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उदयराज, द्वितीय स्थान आलोक यादव व तृतीय स्थान कुलदीप चौहान का प्राप्त हुआ।

भाला क्षेपण बालिका वर्ग प्रतियोगिता का शुभारम्भ महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग की अध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह द्वारा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए किया गया। बालिका वर्ग में मनीषा प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में श्री हरिकेश यादव, डॉ. सलील पाण्डेय एवं श्री नंदन शर्मा बने कुशलता पूर्वक अपनी भूमिका का निर्वहन किया।



# 100 मी. दौड़ प्रतियोगिता
## दिनांक-02.03.2023



महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 02 मार्च 2023 को 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ मनोविज्ञान के प्रभारी डॉ. वेंकट रमन पाण्डेय ने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुए किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से खेल–खेलना मानसिक कौशल को विकसित करने में मदद करता है। शरीर स्वस्थ होता है। यह व्यक्ति के मनोवैज्ञानिक कौशल में सुधार लाता है। यह प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता लाता है। 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्रदीप कुमार गौतम, द्वितीय स्थान राहुल यादव एवं तृतीय स्थान आलोक यादव प्राप्त किये। 100 मीटर बालिका वर्ग प्रतियोगिता का शुभारम्भ हिन्दी विभाग की सहायक आचार्य श्रीमती सुधा शुक्ला ने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करते हुए किया।



# योग कार्यशाला
## दिनांक-29.03.2023

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में आयोजित योग कार्यशाला का शुभारम्भ दिनांक 29 मार्च 2023 की बी.एड्. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह की अध्यक्षता में किया गया। महाविद्यालय के बी.एड्. विभाग में योग कार्यशाला का आयोजन हुआ जिसमें विभाग के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। यह कार्यशाला एक सप्ताह तक चलायी गयी, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के पूर्व विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को योग के महत्त्व, योग हमारे जीवन से होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला गया।





## ओपन जिम का शुभारम्भ
## दिनांक-09.05.2023



महाविद्यालय में नव निर्मित ओपन जिम का उद्घाटन 09 मई 2023 को महाराणा प्रताप जी की जयन्ती के अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्री राजेन्द्र प्रसाद द्वारा किया गया। ओपन जिम की सुविधा विद्यार्थियों के साथ–साथ ग्रामवासियों के लिए भी रखा गया। जिससे कि क्षेत्र की जनता को भी इसका लाभ मिल सके। जिम में विभिन्न प्रकार की व्यायाम करने वाली मशीनें उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्री राजेन्द्र प्रसादने जिम की बहुत तारीफ किया। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही नेक कार्य महाविद्यालय द्वारा किया गया है। जिसका लाभ सभी को मिलेगा। जिम में उपकरण जैसे एयर वाकर, क्रास ट्रेनर, बेन्च प्रेस, स्टेडिंग ट्यस्टर डबल चस्ट कम सिटिग पुलर, सिटम बोर्ड रिसाल व्हील सीलडर विल्डर, पैरलल वार आदि के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मुख्य अतिथि जी ने ओपेन जिम से होने वाले विभिन्न लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कदर कि व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ्य होता है। मानसिक स्वास्थ ठीक रहती है। कार्य करने की क्षमता का विकास होता है। शरीर में दिन भर स्फूर्ती बनी रहती है। रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है। शरीर के अंग प्रतिअंग सुचारू रूप से कार्य करते है। जिम प्रत्येक दिवस ग्रामवासियों के लिए



प्रातः 05:00–07:00 बजे तक खुला रहेगा। महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक शारीरिक शिक्षा के प्रभारी व मुख्य नियंता डॉ. सत्येन्द्रनाथ शुक्ल द्वारा जिम में लगे विभिन्न मशीनों पर व्यायाम किये जाने का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि के साथ महाविद्यालय के उप–प्राचार्य डॉ. विजय कुमार चौधरी, शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं ने भी व्यायाम के हुनर सीखा।

इस अवसर पर श्रीमती शिप्रा सिंह अध्यक्ष बी.एड्. विभाग के मुख्य अतिथि सहित आये हुए सभी ग्राम वासियों का आभार ज्ञापन किया।









## राष्ट्रीय मार्शल आर्ट गेम में महाविद्यालय की छात्रा को गोल्ड मेडल
## दिनांक-16–18 जून 2023

तीन दिवसीय नेशनल लेवल मार्शल आर्ट गेम का शुभारम्भ 16 जून 2023 को देहरादून में आरम्भ हुआ। इस मार्शल आर्ट गेम में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की बी.काम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अनामिका आनन्द ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का समापन दिवस 18 जून 2023 को सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ की बी.काम. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अनामिका आनन्द ने मार्शल आर्ट नेशनल लेवल में प्रथम स्थान लाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया।






# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## दिनांक- 21 जून 2023

महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2023 के अवसर पर श्रीराम सभागार में योगा अभ्यास डॉ. सत्येन्द्र नाथ शुक्ल, प्रभारी शारीरिक शिक्षा द्वारा कराया गया। योग को दैनिक जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में सौ विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग से विभिन्न बिमारियों जैसे डाइबिटिज, हाइपर टेशन आदि से बचा जा सकता है। योग से जीवन में आगे बढ़ने में सहायता प्राप्त होती हैं योग से बुद्धि तीक्ष्ण होती है।














